संख्या-**2-2023-**डीएफए-431260-38-7099-99-17-2023

प्रेषक,

हिमांशु कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य विकास अनुभाग-7 लखनऊः दिनांकः 06 अप्रैल, 2023

विषयः- मनरेगा योजनान्तर्गत प्रगतिशील कार्यों का एरिया ऑफिसर मानीटरिंग विजिट ऐप के माध्यम से निरीक्षण किये जाने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत ही हैं कि सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-जे-11060/2/2021-आरई-VI(374151) दिनांक 28-07-2021 तथा परिपत्र संख्या-जे-11060/2/2021-आरई-VI(374151) दिनांक 16 नवम्बर 2021 के द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत प्रगतिशील कार्यों का एरिया ऑफिसर मानीटरिंग एप्लीकेशन ऐप के माध्यम से निरीक्षण किये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त दिशा-निर्देशों के अनुसार आयुक्त(मनरेगा) तथा जिला कार्यक्रम समन्वयक/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयकों द्वारा योजनान्तर्गत कम से कम 10 चल रहे कार्यों की प्रतिमाह नियमित निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट अपलोड करायी जायेगी। यह बिन्दु ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के मनरेगा योजना के क्रियान्वयन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं में भी सम्मिलित है, जिसकी समय-समय पर समीक्षा भी की जा रही है।

2- एरिया ऑफिसर मॉनीटरिंग ऐप की रिपोर्ट का अवलोकन करने पर यह तथ्य संज्ञान में आया है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर निर्देश दिये जाने के

http://shasnadesh.up.gov.in

उपरान्त भी लक्ष्य के सापेक्ष निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। कपितय जनपदों में जिला कार्यक्रम समन्वय/जिलाधिकारी द्वारा एरिया आफिसर मानीटरिंग ऐप के माध्यम से किये गये निरीक्षण का औसत अत्यंत ही न्यून(शून्य) है, जो संतोषप्रद नहीं है। इस संबंध में दिनांक 06.03.02023 को सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित श्रम-बजट की समीक्षा बैठक में भी लक्ष्य के सापेक्ष निरीक्षण न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया मनरेगा योजनान्तर्गत प्रगतिशील कार्यों का एरिया ऑफिसर मानीटरिंग ऐप के माध्यम से निरीक्षण के संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

हिमांशु कुमार
अपर मुख्य सचिव।

संख्या एवं तद्दिनांक।

प्रतिलिपि आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी इस संबंध में प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से

हिमांशु कुमार
अपर मुख्य सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in